भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **658**
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 / 3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हवाई यात्रा के दौरान यात्री सुविधाएं

658. श्री अनिल यशवंत देसाईः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि हवाई यात्रा के दौरान सरकारी और निजी विमान कंपनियों द्वारा दिये जाने वाले भोजन, नाश्ते अथवा पेय पदार्थ बहुत महंगे होते हैं और यदि हां, तो उनकी लागत सहित कुछ लोकप्रिय व्यंजन-सूची का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार कम बजट में यात्रा करने वाले लोगों के लिए कुछ थोड़े कम महंगे खाद्य पदार्थों का प्रावधान करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): मूल किराए को और अधिक किफायती बनाने और यात्रियों को उन सेवाओं के लिए भुगतान करने का विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से, जिनका वे लाभ उठाना चाहते हैं, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 2024 का विमान परिवहन परिपत्र (एटीसी) 01 जारी किया है, जिसका शीर्षक है "अनुसूचित एयरलाइनों द्वारा सेवाओं और शुल्कों का अनबंडल" ताकि कुछ सेवाओं को अनबंडल किया जा सके और ऑप्ट-इन आधार पर अलग से चार्ज किया जा सके, जिसमें भोजन/नाश्ता/पेय शुल्क (पीने के पानी को छोड़कर) सम्मिलित हैं।

******